# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 20 November 2025








GET IT ON
Google Play

Download App

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान में मदर टैरेसा समर्पण समाज गौरव–2025’ अवॉर्ड से किसे सम्मानित किया गया?

(A) कृष्ण कुमावत
(B) डॉ. अल्बर्ट
(C) निर्मला रावत
(D) अर्चना सिंह

*विश्व पैरा थ्रो बॉल महासंघ की अध्यक्ष निर्मला रावत को 'मदर टैरेसा समर्पण समाज गौरव-2025'अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।*

- *उन्हें यह अवार्ड दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान के सियाम ऑडिटोरियम में हुए 10वें राष्ट्र स्तरीय समर्पण समाज गौरव - 2025 अवार्ड समारोह में दिया गया।*
- *राजस्थान पैरा थ्रोबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमावत और भारतीय पैरा थ्रोबॉल महासंघ के अध्यक्ष डॉ. अल्बर्ट की अनुशंसा पर विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ के अध्यक्ष पद पर जयपुर शहर की निर्मला रावत को चुना गया*

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

## Yesterday Revision

⭕. ग्रीन लंग्स मूंगस्का' परियोजना के तहत विकसित श्री गुरु नानक वाटिका का लोकार्पण कहाँ किया गया?-अलवर

⭕. इंटेलीजेंट ह्यूमन कंप्यूटर इंटरेक्शन' (IHCI-2025) का 17वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2025 कहाँ आयोजित किया गया?- जयपुर

⭕. जापान में 25वें ग्रीष्मकालीन डेफलंपिक्स की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत के लिए गोल्ड मेडल किसने जीता?-अनुया प्रसाद

⭕. भारत-ब्रिटेन का "अजेय वारियर-25' संयुक्त सैन्य अभ्यास का 8वां संस्करण कहाँ शुरू हुआ है?-महाजन फील्ड फायरिंग रेंज

⭕.राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2025 में सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीक श्रेणी में हनुमानगढ़ के विकास कुमार ने कौन-सा स्थान प्राप्त किया?-द्वितीय स्थान

⭕. बाड़मेर की जिला कलेक्टर टीना डाबी को छठा राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 किसके द्वारा प्रदान किया गया?-राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**01. भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर डूंगरपुर में हुए राज्य स्तरीय जनजाति गौरव दिवस समारोह में किस अंतरराष्ट्रीय लेक्रोज खिलाड़ी को जनजाति गौरव सम्मान से नवाजा गया?**

(A) अनीता मीणा

(B) रचना बिश्नोई

(C) राधा भील

(D) मीरा दौजा



**Important Facts:**

⭕ भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर डूंगरपुर में हुए राज्य स्तरीय जनजाति गौरव दिवस समारोह में उदयपुर जिले के माणस, झाड़ोल की अंतरराष्ट्रीय लेक्रोज खिलाड़ी मीरा दौजा को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनजाति गौरव सम्मान दिया।

⭕ मीरा ने हाल ही समरकंद, उज्बेकिस्तान में एशियन लेक्रोज गेम्स में भारत को रजत पदक दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था

⭕ सरकार ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया है। यह दिन श्री बिरसा मुंडा की जयंती है, जिन्हें देश भर के आदिवासी समुदाय भगवान मानते हैं।

**02. राजस्थान को समुद्री रास्ते से जोड़ने हेतु किस जिले में इनलैंड पोर्ट (वॉटर- वे) बनाया जाएगा?**

**(A) जालौर**

(B) जयपुर

(C) अलवर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान को समुद्री रास्ते से जोड़ने हेतु जालौर जिले में इनलैंड पोर्ट (वॉटर- वे) बनाया जाएगा, लागत - 10 हजार करोड़ रुपए
- इसके लिए गुजरात व राजस्थान में ड्रेजिंग से जालोर अरब सागर से सीधा जोड़ा जाएगा।
- • जवाई- लूणी रन ऑफ कच्छ नदी प्रणाली को राष्ट्रीय जलमार्ग- 48 घोषित जालौर में इनलैंड पोर्ट बनाने की कवायत शुरू हुई।
- इस वॉटरवे के निर्माण के लिए आईआईटी मद्रास व जल संसाधन विभाग द्वारा सर्वे किया जा रहा है।इस वॉटर- वे के निर्माण के बाद राजस्थान प्रत्यक्ष रूप से कांडला पोर्ट से जुड़ जाएगा।
- मुंबई में आयोजित इंडिया मैरिटाइम वीक के दौरान 28 अक्टूबर 2025 को राजस्थान रिवर बेसिन एवं जल संसाधन आयोजना प्राधिकरण, भारतीय अंतर्देशीय जल मार्ग प्राधिकरण व केंद्र सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

03. राजस्थान ग्लोबल कैपेसिटी पॉलिसी 2025 के तहत राजस्थान में आने वाले 2 वर्षों में कितने ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है?

(A) 200

(B) 500

(C) 300

(D) 1000

**Important Facts:**

- उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने ने बताया कि सरकार ने राजस्थान ग्लोबल कैपेसिटी पॉलिसी (GCC) 2025 को स्वीकृति दे दी है.
- यह नीति राज्य में औद्योगिक निवेश, कौशल विकास और तकनीकी उन्नयन को एकसाथ बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार की गई है.
- नई पॉलिसी के तहत राज्य विदेशी और घरेलू कंपनियों को एक ही मंच पर निवेश, उत्पादन और उच्च कौशल प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध करवाएगा.
- इस पॉलिसी के तहत आने वाले दो वर्षों में 200 ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इन केंद्रों में रिसर्च और डाटा संग्रहण पर जोर दिया जाएगा। पॉलिसी के तहत कैपिटल सब्सिडी और जमीन पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी में राहत दी जाएगी।

**04. हाल ही में भारत के किस राज्य में राज्य के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों हेतु नया विभाग का गठन किया है?**

(A) हरियाणा

(B) मध्यप्रदेश

(C) राजस्थान

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान की भजनलाल सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. अब राजस्थान में प्रवासी राजस्थानियों के लिए अलग नया विभाग बनाया जाएगा.
- सरकार ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी विभाग का गठन किया है.
- जिसका उद्देश्य बाहरी राज्यों और विदेशों में बसे राजस्थानियों को राज्य की नीतियों, निवेश अवसरों और सांस्कृतिक जुड़ाव से सीधे जोड़ना है
- आगामी 10 दिसंबर को जयपुर में प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी हिस्सा लेंगे.

05. खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में किस जिले के अंतरराष्ट्रीय स्तर के तीरंदाजी विशेषज्ञ अनिल जोशी को तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया है?

(A) अजमेर

(B) बीकानेर

(C) जोधपुर

(D) उदयपुर



**Important Facts:**

- भारत सरकार द्वारा आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में इस बार बीकानेर के अंतरराष्ट्रीय स्तर के तीरंदाजी विशेषज्ञ अनिल जोशी को तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया है।
- भारतीय तीरंदाजी संघ ने तीरंदाजी प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए देशभर से 18 तकनीकी अधिकारियों का चयन किया है, जिनमें जोशी भी शामिल हैं।
- इस वर्ष खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, राजस्थान सरकार द्वारा की जा रही है। तीरंदाजी प्रतियोगिताएं जयपुर स्थित जगतपुरा शूटिंग रेंज में 22 से 28 नवंबर 2025 तक आयोजित होंगी।

06. हैदराबाद में 25वीं राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैम्पियनशिप में राजस्थान की टीम ने कौनसा स्थान प्राप्त किया है?

(A) पहला

(B) दूसरा

(C) तीसरा

(D) चौथा

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- हैदराबाद में 25वीं राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैम्पियनशिप में राजस्थान की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 47 पदक (18 गोल्ड, 19 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज) जीतकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान के सचिव हिम्मत सिंह गुर्जर ने यह जानकारी दी।
- गोल्ड मेडलिस्ट : सूरजभान मीणा, वेदांत सिंह, शिवदेव सिंह, लाखन सिंह, निर्मला देवी, जिया, साधना मलिक, डिंपल वैष्णव, अजय देबेंदा, अनमोल, किरण टांक, भैराराम, संजय सांखला।

07. राजस्थान राज्य खान एवं खनिज निगम लिमिटेड (RSMML) के अध्यक्ष का पदभार किसने ग्रहण किया है?

(A) सुधांश पंत

(B) वी. श्रीनिवास

(C) राजीव कुमार शर्मा

(D) कैलाश मेघवाल



**Important Facts:**

- वी श्रीनिवास ने सचिवालय में राजस्थान के नए मुख्य सचिव का पद संभाल लिया है। निवर्तमान मुख्य सचिव सुधांश पंत ने उन्हें चार्ज सौंपा।
- वी. श्रीनिवास को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है
- इसके साथ ही वे राजस्थान राज्य खान एवं खनिज निगम लिमिटेड के अध्यक्ष और नई दिल्ली में मुख्य आवासीय आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार भी संभालेंगे।
- राजस्थान राज्य खान एवं खनिज निगम लिमिटेड की स्थापना 1949 में 'बीकानेर जिप्सम लिमिटेड' के रूप में हुई थी, जिसे 1974 में राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड में बदल दिया गया और इसका मुख्यालय उदयपुर में है।

**08. इंडोनेशिया में आयोजित 16वीं मिस्टर वर्ल्ड अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में राजस्थान के अरशान खान ने कौनसा पदक जीता है**




(a) कांस्य पदक

(b) रजत पदक

(c) स्वर्ण पदक

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- चर्चित खिलाड़ी: अरशान खान (जोधपुर)
- खेल – बॉडी बिल्डिंग
- 3 माह में दूसरी बार इंटरनेशनल गोल्ड मेडल
- पहला स्वर्ण – अगस्त, बैंकॉक (56वीं एशियन चैंपियनशिप)
- दूसरा स्वर्ण – इंडोनेशिया, 16वीं मिस्टर वर्ल्ड अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता
- 100+ kg भार वर्ग में 30 देशों के खिलाड़ियों को हराकर गोल्ड

09. भारत का कौनसा शहर 64वें भारतीय एयरोस्पेस मेडिसिन सम्मेलन की मेजबानी करेगा?

(a) जयपुर

(b) बेंगलुरु

(c) कानपुर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- 20 से 21 नवंबर 2025 तक बेंगलुरु 64वें भारतीय एयरोस्पेस मेडिसिन सम्मेलन की मेजबानी करेगा
- एयरोस्पेस मेडिसिन संस्थान (IAM) बेंगलुरु में इंडियन सोसाइटी ऑफ एयरोस्पेस मेडिसिन के 64वें वार्षिक सम्मेलन की मेजबानी करेगा।
- इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह करेंगे।
- इस वर्ष का विषय: "एयरोस्पेस मेडिसिन में नवाचार: अनंत संभावनाएं"

## 10. हाल ही में विश्व शौचालय दिवस कब मनाया गया?

(A) 18 नवंबर

(B) 17 नवंबर

(C) 16 नवंबर

(D) 19 नवंबर

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

⭕ विश्व शौचालय दिवस, जो हर साल 19 नवंबर को मनाया जाता है, सुरक्षित और सुलभ स्वच्छता की वैश्विक आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाता है।

⭕ 2025 का विषय: "हमें हमेशा शौचालय की आवश्यकता होगी"

स्वच्छता तक पहुँच एक बुनियादी मानव अधिकार है, जो स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता और आर्थिक उत्पादकता को प्रभावित करता है और यह सतत विकास लक्ष्य (SDG) 6 और सतत विकास लक्ष्य (SDG) 13 जैसे प्रमुख लक्ष्यों के अनुरूप है।

**Today, Quiz:**

**Q. ग्रीन लंग्स मूंगस्का' परियोजना के तहत विकसित श्री गुरु नानक वाटिका का लोकार्पण कहाँ किया गया?**

(A) जयपुर

(B) भरतपुर

(C) अलवर

(D) बीकानेर

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK
Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine